ख़ारिज Schedule XLII-High Court (J) 19 [Old

<u>अनुमन्डल न्यायालय-असैनिक न्यायाधीश (वरीय कोटि)बनमनखी,पूर्णिया बिहार</u>

समक्ष-सतीश मणि त्रिपाठी (बिहार न्यायिक सेवा)

स्वत्व वाद सं.--16/2023/सी.आई.एस.क्र.-16/2023

मो.कलीम बनाम कुरैसा खातून एवं अन्य

Order date	Order with signature of the Court	Office action taken
16 /02/26	वादी पैरवी नहीं है , वादी उचित पैरवी करे | एवं प्रतिवादी गण की ओर से उनके विद्वान अधिवक्ता की हाजिरी है | यह वाद वादी की ओर से प्रस्तुत आदेश 1 नियम 10(2) एवं धारा 151 दीवानी प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत प्रस्तुत आवेदन दिनांक 10/03//25 पर आदेश हेतु प्रस्तुत किया गया है | उक्त आवेदन को संचालित कर वादी के विद्वान अधिवक्ता द्वारा समर्पित किया गया है कि वाद के लंबित रहने के दौरान प्रतिवादी संख्या 1 ने रजिस्टर्ड विक्रयपत्र क्रमांक 1803 दिनांक 05/04/2023 के द्वारा वादभूमि के अंश भाग का विक्रय अनवरी पत्नी मो.सुभान को विक्रय कर दिया है जिस कारण से अनवरी वाद की आवश्यक पक्षकार हैं अत : निवेदन है कि वाद में अनवरी को पक्षकार बनाये जान की कृपा की जाय | वादी द्वारा विक्रयपत्र क्रमांक 1803 दिनांक 05/04/23 की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है | प्रतिवादी संख्या 1,3 एवं 6 की ओर से प्रतिउत्तर प्रस्तुत कर आपत्ति किया गया है कि प्रतिवादी संख्या 1 के द्वारा अपने हिस्से को विक्रय किया गया है जिस कारण से वादी का यह आवेदन खारिज किये जाने योग्य है | उभयपक्ष को सूना एवं अभिलेख का अवलोकन किया | अवलोकन से प्रतीत होता है की वादी के द्वारा यह वाद विभाजन हेतु लाया गया है | वादी की ओर से प्रस्तुत्त विक्रयपत्र क्रमांक 1803 दिनांक 05/04/23 की छायाप्रति के अवलोकन से प्रतीत होता है की प्रतिवादी द्वारा वादभूमि के अंश भाग को अनवरी को विक्रय कर दिया है | वादी के अभिवचन से प्रतीत होता है की वादभूमि का विभाजन अभी नहीं हुआ है जिसका निर्धारण वाद में किया जाना है | प्रतिवादी संख्या 1 के द्वारा अपने हिस्से का कथन करते हुए वादभूमि के अंशभाग का विक्रय किया गया है जिस कारण से अनवरी इस वाद की आवश्यक पक्षकार है | अत : वादी के इस आवेदन को न्यायहित में स्वीकृत कार अनवरी को प्रतिवादी के रूप में जोड़े जाने की अनुमति प्रदान की जाती है | वादी आदेश के आलोक में वादपत्र को संशोधित करे ततपश्चात समन सामग्री दाखिल करे | वाद दिनांक 16/03/26 वास्ते समन सामग्री हेतु नियत | लेखापित- असैनिक न्या.(व.को.)बनमनखी पूर्णिया ,बिहार	